प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 13 जनवरी, 2014

- मिलाद-उन-नबी पर विधानसभा अध्यक्ष की शुभकामना

छत्तीसगढ़ विधान सभा के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर अग्रवाल ने मिलाद-उन-नबी की मुबारकबाद देते हुए कहा है कि आज ही के दिन पैगम्बर हजरत मोहम्मद का जन्म हुआ था जिन्होंने ऊँच-नीच के भेदभाव को मिटाकर समता का संदेश दिया था। मोहम्मद साहब, अपनी अद्भुत संगठन क्षमता, दभाभाव, समता और विद्वता की वजह से नबी के रूप में विभूषित हुए थे। उनके प्रेरणादायी पावन संदेश केवल मुस्लिम समुदाय के लिए नहीं अपितु सारी दुनिया के समस्त मानव समाज के लिये मार्गदर्शी है। उनके बताये मार्गों में चलकर हम आज भी इंसानियत की भावना विकसित करके संसार को भाईचारे का संदेश दे सकते हैं।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने मुस्लिम समाज का आह्वान किया है कि वे प्रदेश में साम्प्रदायिक सद्भावना के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दें।